INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | Date- 16.01.25 |
|---|---|---|
| Question Bank | Topic: **यह सबसे कठिन समय नहीं** | Note: Pls. write in your Hindi note book |

अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता किसने लिखी है ?

उत्तर = 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता जया जादवानी ने लिखी है ।

प्रश्न 2. 'गंतव्य' शब्द का क्या अर्थ है ?

उत्तर = 'गंतव्य' शब्द का अर्थ है मंजिल ।

प्रश्न 3. बस किसके पार की दुनिया से आएगी ?

उत्तर = बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से आएगी ।

प्रश्न 4. समय के लिए किस विशेषण का प्रयोग हुआ है ?

उत्तर = समय के लिए 'कठिन' विशेषण का प्रयोग हुआ है ।

प्रश्न 5 . 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता हमें क्या संदेश देती है?

उत्तर - 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता हमें जीवन के प्रति आशावान होने का संदेश देती है ।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –**

1- घर न लौटने पर किस समय प्रियजन चिंतित हो जाते हैं ? आखिर क्यों ?

उत्तर- सूर्यास्त के समय तक घर न लौटने पर प्रियजन चिंतित हो जाते हैं क्योंकि सूर्य डूबने के बाद तो रात हो जाती है और रात में बाहर रहना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं होता है|

2- बूढ़ी नानी सदियों से कहानियाँ क्यों सुनाया करती होगी ?

उत्तर- बूढ़ी नानी द्वारा सदियों से कहानियाँ सुनाए जाने के कई उद्देश्य हैं- पहला तो यह कि बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन होता है | कहानियाँ सुनने के बाद वे शरारतें भूलकर शांत हो जाते हैं| दूसरा यह कि उन्हें जीवन की अनेक शिक्षाप्रद बातों का ज्ञान होता है|

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –**

**1 - यह सबसे कठिन समय नहीं कविता का मूल उद्देश्य क्या है ?**

उत्तर- कविता का मूल उद्देश्य है कि जीवन में किसी समय को कठिन नहीं समझना चाहिए। व्यक्ति यदि प्रयत्न करें तो उसे प्रत्येक दुख से निकलने का अवसर मिल जाता है। कठिन समय मानकर व्यक्ति को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए । उसे विश्वास रखना चाहिए कि अँधेरे के बाद प्रकाश अवश्य होता है । इसी तरह बुरे समय के बाद अच्छा समय भी आ जाता है ।

**2 - आपके विचार में कठिन समय किसका द्योतक (प्रतीक) है ?**

उत्तर- हमारे विचार में कठिन समय दुःख का द्योतक है। यह दुःख मानव को हिला कर रख देता है। उसका विश्वास टूटने लगता है। तब वह हर पल को कठिन मानता है । वह अपनी ताकत को न तो पहचान पाता है और न ही उसके लिए प्रयत्न कर पाता है । वह कठिन समय को जीवन का दुःख मानकर उसे सहन करना ही उचित मानता है ।

=========================================